परिशिष्ट "अ"
[26/3/2021]

प्रश्न सं. [क्र. 6684]

वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 247] भोपाल, सोमवार, दिनांक 21 मई 2012—वैशाख 31, शक 1934

संस्कृति विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 जून 2011

क्र. एफ-10-4-2010-तीस.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, संस्कृति विभाग के अंतर्गत राज्य नाट्य विद्यालय के गठन की स्वीकृति प्रदान करता है. राज्य नाट्य विद्यालय के निम्न उद्देश्य होंगे, अर्थात्:—

1. पारम्परिक शास्त्रीय एवं आधुनिक रंग जगत संबंधी योजनाबद्ध बहुशिक्षण एवं प्रशिक्षण.
2. प्रदर्शन की अत्याधुनिक प्रविधियों, संग्रह, सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण, संग्रहालय, पुस्तकालय कार्य आदि में श्रेष्ठ रंगकला मनीषियों का सान्निध्य, सहयोग तथा मार्गदर्शन प्राप्त कर स्थानीय कलाकारों का विकास करना.

राज्य नाट्य विद्यालय के संचालन के लिए प्रशासकीय अमले की स्वीकृति पृथक् से दी जा रही है.

क्र. एफ-10-4-2010-तीस.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के अन्तर्गत गठित किये जाने वाले राज्य नाट्य विद्यालय के लिए निम्नांकित पदों का उनके नाम के सम्मुख अंकित वेतनमान में सीमित अवधि के लिए सृजन किए जाने की स्वीकृति प्रदान करता है:—

क्र. (1)	पद का नाम (2)	संख्या (3)	वेतनमान नियत काल के लिए (4)	समग्र मानदेय (5)
1. विशेषज्ञ :				
1	निदेशक	1	(37400—6700—8700 जी. पी.)	रु. 60,000
2	सहायक रंग निदेशक	1	(15600—39100—7600 जी. पी.)	रु. 35,000
3	आकल्पन प्रमुख	1	(15600—39100—7600 जी. पी.)	रु. 35,000
4	अभिनय प्रमुख	1	(15600—39100—7600 जी. पी.)	रु. 35,000
5	पारम्परिक प्रदर्शनकारी कला प्रमुख	1	(15600—39100—7600 जी. पी.)	रु. 35,000

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
संस्कृति विभाग

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
अतिथि व्याख्याता :				
6	संगीत, गति एवं ध्वनि	1		रु. 35,000
7	नाट्य कला का प्रशिक्षण एवं सिद्धांत	1		रु. 35,000
8	नाट्य शिल्प, मुखौटा, प्रापर्टी, पोशाक, सेट निर्माण, रूपसज्जा.	1		रु. 35,000
9	स्थान, अभिकल्पना एवं दृश्यावली	1		रु. 35,000
10	ध्वनि, प्रकाश एवं तकनीक	1		रु. 35,000
2. प्रशासनिक :				
1	रजिस्ट्रार/उपनिदेशक	1	(15600—39100—6600 जी. पी.)	रु. 35,000
2	डिप्टी रजिस्ट्रार/सहायक निदेशक	1	(9300—34800—4200 जी. पी.)	रु. 30,000
3	कार्यपालिक लेखा	1	(9300—34800—4200 जी. पी.)	रु. 25,000
4	निर्माण व तार्किक प्रवंधक	1	(9300—34800—3600 जी. पी.)	रु. 25,000
5	निर्माण व तार्किक सहायक	1	(9300—34800—3200 जी. पी.)	रु. 20,000
6	सहायक ग्रेड-1	1	(9300—34800—3200 जी. पी.)	रु. 15,000
7	लेखा सहायक (कैशियर)	1	(5200—20200—2100 जी. पी.)	रु. 15,000
8	सहायक ग्रेड-2	2	(5200—20200—2100 जी. पी.)	रु. 12,000
9	सहायक ग्रेड-3	2	(5200—20200—1900 जी. पी.)	रु. 10,000
10	कम्प्यूटर ऑपरेटर	2	(5200—20200—1900 जी. पी.)	रु. 10,000
		कुल पद 23		

2. राज्य शासन उक्त स्वीकृत पदों में से विशेषज्ञ के 10 पदों (क्रमांक 1 से 10 तक) तथा प्रशासनिक 5 पदों (क्रमांक 1 से 5 तक) की पूर्ति सीधी भर्ती अथवा प्रतिनियुक्ति से करने की छूट प्रदान करता है.

3. शेष प्रशासनिक पदों की पूर्ति विभाग की अन्य संस्थाओं के कर्मचारियों के समयोजन द्वारा की जावेगी.

4. निदेशक के पद पर नियुक्त व्यक्ति को आवास, वाहन तथा दूरभाष की सुविधा की पात्रता होगी.

5. सहायक रंग निदेशक, आकल्पन प्रमुख, अभिनय प्रमुख पारम्परिक प्रदर्शनकारी कला प्रमुख, रजिस्ट्रार/उप निदेशक तथा डिप्टी रजिस्ट्रार/सहायक निदेशक को आवास तथा दूरभाष की सुविधा की पात्रता होगी.

6. विशेष अतिथि व्याख्याताओं को आवास की सुविधा की पात्रता होगी.

यह आदेश वित्त विभाग के यू. ओ. क्र. 338-502-10-ब-2-4, दिनांक 11 अगस्त 2010 द्वारा सहमति प्रदान किए जाने के उपरांत जारी किया गया है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
लक्ष्मीकांत द्विवेदी, उपसचिव.

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन,
संस्कृति विभाग

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.